वर्ष- 3 , अंक- 25
छपरा
13 दिसंबर शनिवार 2025
पृष्ठ - 04
दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश-बॉर्डर पर घाटी से गिरी बस, 9 यात्रियों की मौत

### सड़क पर बिखरे शव-सामान, 40 यात्री थे सवार, घायलों को भद्राचलम में भर्ती कराया गया



**जगदलपुर ,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश राज्य की सीमा पर स्थित मारेडमिल्ली घाटी पर एक यात्री बस पलट गई है। हादसे में 9 यात्रियों की ऑन स्पॉट डेथ हो गई है, जबकि कुछ यात्री घायल हैं।

घायलों को इलाज के लिए भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मामला मारेडमिल्ली थाना क्षेत्र का है। हादसे के समय बस में 40 यात्री सवार थे।





घटनास्थल के वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें दिखा कि बस घाटी से गिरकर नीचे घनी झाड़ियों में फंस गई। कई यात्री बस से नीचे सड़क पर गिर गए। सड़क पर मृतकों के शव और लोगों का सामान बिखरा पड़ा था। बताया जा रहा है कि, 12 दिसंबर की सुबह बस अरकू से रायलासीमा चिंतुर जा रही थी। इसमें करीब 40 यात्री सवार थे। इसी बीच घाट में बस अनियंत्रित हुई और नीचे गिर गई। हादसे के बाद उस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने मदद की और घायलों को बाहर निकाला। 9 लोगों की डेड बॉडी भी बाहर निकाली गई। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। ASR जिला कलेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि यह हादसा चिंटूरू और भद्राचलम के बीच घाट रोड पर हुई। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

## गुजरात के वलसाड में नदी पर बन रहा पुल गिरा, चार मजदूर घायल



**नई दिल्ली,एजेंसी।** गुजरात के वलसाड से बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां औरंगा नदी पर बन रहे पुल के कंस्ट्रक्शन के दौरान, एक गर्डर डैमेज हो गया, जिससे पुल भरभराकर गिर गया। इस दौरान उस पर काम कर रहे करीब पांच मजदूर फंस गए। घटना के तुरंत बाद राहत बचाव का कार्य शुरू किया गया। यह घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। जब पुल के दो खंभों के बीच की स्लैब बनाने के लिए बनाई गई मचान का ढांचा भरभराकर ढह गया। इस हादसे में करीब पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए और मलबे के नीचे दब गए।

घटना की सूचना मिलते ही वलसाद अग्निशमन विभाग और पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। राहत बचाव की टीम ने चार मजदूरों को बचा लिया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है।

## गोवा अग्निकांड; क्लब मालिकों को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू




**नई दिल्ली,एजेंसी।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन' आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसंबर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था।

थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक लेकर जा रही है। वहां सुवर्णभूमि एयरपोर्ट पर भारतीय एजेंसियां उन्हें अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास उन्हें इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा।

चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे।

## पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन




**लातूर,एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं।

पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था।

## 2 साल में 1951 बार विमान के जीपीएस से छेड़छाड़, सरकार ने 12 दिन में दूसरी बार स्वीकारा

### जीपीएस में गड़बड़ी से विमान भटक सकता है



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत में पिछले 2 सालों में विमानों के GPS सिस्टम के साथ 1,951 बार छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। त्नक्क विमान को उसकी सही लोकेशन, दिशा और ऊंचाई बताता है। उड़ान के दौरान नेविगेशन में अहम भूमिका निभाता है।

GPS डेटा में गड़बड़ी से विमान की दिशा भटक सकती है, जो किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। कुछ दिन पहले दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर भी GPS स्पूफिंग और छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई थीं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि वायरलेस मॉनिटरिंग ऑर्गनाइजेशन इसकी जांच कर रहा है। 10 नवंबर को DGCA ने दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास GPS स्पूफिंग/जीएनएसएस से छेड़छाड़ की रियल-टाइम रिपोर्टिंग के लिए एसओपी जारी की थी।

### 12 दिन में सरकार ने दूसरी बार जीपीएस स्पूफिंग को स्वीकारा

पिछले 12 दिनों में यह दूसरी बार है जब सरकार ने संसद में GPS स्पूफिंग की घटनाओं को स्वीकारा है। इससे पहले 1 दिसंबर को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में कहा था कि, दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (IGI) के ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (AMSS) में 7 नवंबर को छेड़छाड़ की गई थी।

7 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था।

## राहुल ने कहा: सरकार प्रदूषण रोकने का प्लान बनाए

# रिजिजू बोले : हम संसद में चर्चा को तैयार कांग्रेस सांसदों की बैठक में थरूर नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, हमारे देश के ज्यादातर बड़े शहर जहरीली हवा की चपेट में हैं। लाखों बच्चे फेफड़ों की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। राहुल ने कहा, यह एक अहम मुद्दा है। मुझे पूरा यकीन है कि सरकार और हमारे बीच इस मामले पर एक सहमति होगी। इस सदन में मौजूद हर सदस्य इस बात से सहमत होगा कि प्रदूषण के कारण देश के लोगों को जो नुकसान हो रहा है, उस पर हम सभी मिलकर काम करना चाहेंगे।

इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार ने पहले दिन से ही अपना रुख साफ कर दिया था कि हम सभी अहम मामलों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। सरकार कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टी के नेताओं से सुझाव लेने के लिए भी तैयार है।





### कांग्रेस सांसदों की बैठक में शशि थरूर नहीं पहुंचे

सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले राहुल ने शुक्रवार को संसद भवन के एनेक्स एक्सटेंशन बिल्डिंग में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठक की। इसमें शीतकालीन सत्र में कांग्रेस सांसदों के परफॉर्मेंस की समीक्षा हुई। हालांकि, केरल से पार्टी के सांसद शशि थरूर बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पहले 30 नवंबर को कांग्रेस की एक स्ट्रैटजिक मीटिंग में भी थरूर शामिल नहीं हुए थे। तब थरूर ने अपनी सफाई में कहा था कि वे अपनी 90 साल की मां के साथ फ्लाइट में थे। इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाए।

### अनुराग ठाकुर बोले- तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बना



लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु में दीपक जलाने की मांग करने को लेकर हिंदुओं पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु की DMK सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-तमिलनाडु सनातन धर्म के विरोध का प्रतीक बन गया है। उनके मंत्री सनातन धर्म के विरुद्ध बयान देते हैं। जब प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के लिए अपने कर्तव्य निभाए, तब भी उन्होंने इसका विरोध किया। भाजपा सांसद ने कहा- अभी भी, मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने तिरुप्परनकुंड्रम पहाड़ी पर कार्तिकेय दीपम का दीपक जलाने के अपने आदेश की अनदेखी करने के लिए सरकार की आलोचना की है। अदालत के निर्देशों के बावजूद श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज किया गया। यह स्पष्ट रूप से उल्लंघन और अवमानना है। राज्य में हिंदुओं के साथ इस तरह का भेदभाव क्यों किया जा रहा है

**राहुल बोले- एकदूसरे पर दोषारोपण के बजाय, जनता के बारे में बात करते हैं** :राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा- मुझे लगता है कि बेहतर होगा कि हम चर्चा को इस बात पर केंद्रित न करें कि हम क्या नहीं कर पाए और आप क्या नहीं कर पाए, बल्कि सीधे इस बात पर ध्यान दें कि हम भविष्य में भारत की जनता के लिए क्या करने जा रहे हैं, हमें कौन से कदम उठाने होंगे।

## भारत में मैरिटल रेप को गंभीरता से नहीं लिया जाता

### पत्नी की मर्जी के बिना संबंध बनाना बलात्कारः थरूर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को मेरिटल रेप का मुद्दा उठाया। उन्होंने वैवाहिक संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि अगर पति पत्नी के इच्छा के विरुद्ध उसके साथ बलात्कार करता है तो यह कानून का उल्लंघन है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा है। दरअसल, प्रभा खैतान फाउंडेशन और FICCI लेडीज ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शशि थरूर ने कहा कि भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में से है, जहां मैरिटल रेप को गंभीर अपराध नहीं माना जाता, जबकि देश में कठोर एंटी-रेप कानून मौजूद हैं।

**पतियों को कानून से छूट क्यों** :कांग्रेस नेता शशि थरूर ने आगे कहा कि मैं यह देखकर हैरान हूं कि भारत उन कुछ लोकतांत्रिक देशों में से एक है जहां पति की ओर से किया गया पत्नी का रेप उचित गंभीरता से नहीं देखा जाता। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पतियों को कानून से छूट क्यों मिलनी चाहिए, क्योंकि शादी के नाम पर जबरदस्ती करना भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा है।

**भारत में मजबूत एंटी-रेप कानून** :शशि थरूर ने कहा कि भारत में मजबूत एंटी-रेप कानून हैं। इसके बावजूद यह पतियों के लिए अपवाद है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपने जीवनसाथी का सम्मान नहीं करता और विवाहित संबंध का हवाला देकर उसके साथ रेप करता है, तो यह कानून का उल्लंघन और महिलाओं के खिलाफ हिंसा है।

## इंडिगो के 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

- गोपीनाथ बोले- ये संकट ओवरकॉन्फिडेंस का नतीजा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। शुक्रवार को डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की देखरेख के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इनमें रिषराज चैटर्जी, सीमा झमनानी, अनिल कुमार पोखरियाल और प्रियम कौशिक का नाम शामिल है।

इधर, DGCA की चार सदस्यों वाली कमेटी शुक्रवार को भी इंडिगो के ष्टश्वह्र पीटर एल्बर्स से मिलेगी। पीटर से पिछले हफ्ते बड़े पैमाने पर फ्लाइट्स कैंसिल होने को लेकर पूछताछ की जाएगी। इस बीच, देश में कम किराए वाली विमान सेवा शुरू करने वाले कैप्टन गोपीनाथ ने कहा कि इंडिगो संकट शायद इसलिए बढ़ा, क्योंकि एयरलाइन संचालकों में घमंड और ओवरकॉन्फिडेंस आ गया था।

## कैप्टन अमरिंदर बोले- सिद्धू हसबैंड-वाइफ अनस्टेबल, सीएम बनने को नॉनसेंस बातें कर रहे

### भाजपा में कुछ पूछा-बताया नहीं जाता, कांग्रेस को मिस करता हूं



**जालंधर,एजेंसी।** पंजाब के पूर्व सीएम और BJP नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नवजोत कौर सिद्धू के 500 करोड़ में सीएम वाले बयान पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डॉ. नवजोत कौर का बयान केवल बकवास है। वो कहते हैं कि हमें चीफ मिनिस्टर बना दें तो हम राजनीति में एक्टिव होने को तैयार हैं। दोनों हसबैंड-वाइफ अनस्टेबल लगते हैं।

एक चैनल से बातचीत में कैप्टन ने कहा- ये लोग कुछ भी बोल जाते हैं। इनका कोई स्टैंड नहीं है। क्या इनके बगैर पंजाब नहीं चलता। कैप्टन ने कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि पार्टी ने कई काम मेरे साथ गलत किए थे, इसलिए ये कदम उठाया। हालांकि, मैं आज भी कांग्रेस को मिस करता हूं। भाजपा नेता ने इसी के साथ अरूसा आलम से दोस्ती पर भी खुलकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यहां लोग कुछ से कुछ बना देते हैं। वो बोलते रहें, मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। कैप्टन ने पंजाब के आगामी चुनाव पर बात करते हुए कहा कि अकाली दल से गठबंधन किए बिना पंजाब में BJP का कोई वजूद नहीं।

### पंजाब सरकार बोली- अमृतपाल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

## 15 लोगों की हत्या की साजिश रच रहा था; खालिस्तान समर्थक सांसद को पैरोल नहीं मिली



**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से सांसद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को लेकर हाईकोर्ट में बड़ा दावा किया है। सरकार ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में कहा है कि अमृतपाल समाज विरोधी तत्वों और गैंगस्टरों के संपर्क में था और वह 15 लोगों की हत्या की साजिश रच रहा था। वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। यह दावा हाईकोर्ट में अमृतपाल की पैरोल याचिका की सुनवाई के दौरान किया गया। सांसद अमृतपाल ने विंटर सेशन में शामिल होकर अपने क्षेत्र की बात रखने के लिए कोर्ट में पैरोल याचिका लगाई है। कोर्ट ने मामले में टिप्पणी कर कहा कि उन्हें किसी बंदी को संसद सत्र में बुलाने या अनुमति देने का अधिकार नहीं है।

# देश में 5.50 करोड़ केस कोर्ट में पेंडिंग, इनमें से 90 हजार सुप्रीम कोर्ट में

### 25 हाई कोर्ट में 63 लाख मामले लंबित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि देशभर की अदालतों में कुल 5.49 करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक लिखित उत्तर में कहा कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में 90,897 मामले, देश के 25 हाई कोर्ट में 63,63,406 मामले और निचली अदालतों में 4,84,57,343 मामले लंबित हैं। यह आंकड़े 8 दिसंबर तक के हैं।

मेघवाल ने बताया कि न्यायिक देरी कई कारणों की वजह से होती है- मामलों की जटिलता, सबूतों की प्रकृति, वकीलों, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों का सहयोग, तथा अदालतों में पर्याप्त ढांचे और स्टाफ की उपलब्धता जैसे कारक लंबित मामलों को बढ़ाते हैं।

**CJI सूर्यकांत ने भी 19 दिन पहले चिंता जताई थी :** CJI सूर्यकांत ने 22 नवंबर को शपथ लेने से दो दिन पहले कहा था कि देश में 5 करोड़ से ज्यादा पेंडिंग केस न्यायपालिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि इन बैकलॉग से निपटना और विवाद सुलझाने के लिए मीडिएशन को बढ़ावा देना, उनकी दो प्रायोरिटी होंगी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केस की संख्या 90 हजार को पार कर चुकी है। मेरी पहली और सबसे बड़ी चुनौती ये पेंडिंग केस हैं। मैं इस बात में नहीं जा रहा कि यह कैसे हुआ, कौन जिम्मेदार है। हो सकता है लिस्टिंग बढ़ गई हो।



उन्होंने उदाहरण दिया कि दिल्ली के लैंड एक्विजिशन विवाद से जुड़े करीब 1,200 मामले उनके एक फैसले से निपटे थे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि दूसरा मुद्दा मीडिएशन है। यह विवाद सुलझाने के सबसे आसान तरीकों में से एक है और यह सच में गेम चेंजर हो सकता है।

जस्टिस कांत 24 नवंबर को जस्टिस बीआर गवई की जगह देश के 53वें CJI के रूप में शपथ लेंगे। उन्हें 30 अक्टूबर को प्रेसिडेंट द्रौपदी मुर्मू ने CJI के तौर पर अपॉइंट किया था।

### देशभर के कोर्ट से पेंडेंसी रिपोर्ट मंगाएंगे

उन्होंने कहा कि वे हाईकोर्ट और देशभर की ट्रायल कोर्ट से भी पेंडेंसी की डिटेल रिपोर्ट मंगवाएंगे। हाईकोर्ट से उन पेंडिंग केस के बारे में पूछा जाएगा जिन पर टॉप कोर्ट की बड़ी कॉन्स्टिट्यूशन बेंच फैसला सुनाएंगी। दिल्ली-NCR के बढ़ते प्रदूषण पर प्रश्न पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे प्रतिदिन लगभग 50 मिनट मॉर्निंग वॉक करते हैं और मौसम जैसा भी हो यह आदत नहीं छोड़ते। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि AI पर सावधानी सॉल्यूशन के साथ उसकी बीमारी भी समझनी होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न्यायिक संस्थानों के लिए बड़ा समाधान दे सकता है, लेकिन इसके जोखिमों को समझकर ही इसका उपयोग बढ़ाना होगा।

# सारण में अब मनचलों की खैर नहीं, 'अभया ब्रिगेड' पूरी तरह सक्रिय, एसएसपी ने दी जानकारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर सारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बुधवार से 'अभया ब्रिगेड' टीम को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने शुक्रवार को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना है। अभया ब्रिगेड टीम स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सक्रिय रहकर मनचलों की गतिविधियों पर नजर रखेगी। टीम द्वारा ऐसे स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां छेड़छाड़ और पीछा करने की शिकायतें अधिक दर्ज होती रही हैं। चिन्हित हॉट स्पॉट पर सख्त निगरानी के साथ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीम की विशेषता यह है कि महिला पुलिसकर्मी वर्दी या सादे लिबास में तैनात रहकर निगरानी करेंगी। इससे असामाजिक तत्व पहले से चौकन्ने नहीं हो पाएंगे और मौके पर ही दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी। पुलिस का मानना है कि इस व्यवस्था से मनचलों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।अभया ब्रिगेड के सदस्य विभिन्न स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में जाकर छात्राओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, त्वरित शिकायत प्रणाली और साइबर



सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है, ताकि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में मदद ले सकें। सारण जिले के लोगों ने सारण पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों को उम्मीद है कि इस कदम से शहर या गांव का माहौल बेहतर होगा और स्कूली छात्राएं तथा कामकाजी महिलाएं स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी।इसके अतिरिक्त वरीय एसपी द्वारा महिला सशक्तिकरण को समर्पित ÷आवाज़ दो÷ अभियान को भी पूरे जिले में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, उपलब्ध कानूनी सहायता तथा पुलिस की त्वरित सेवाओं से जोड़ना है ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें।सभी थानों पर संचालित महिला हेल्प डेस्क महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए सतत कार्यरत हैं। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता हेतु डायल 112 की सुविधा 24म7 उपलब्ध है, जिसके माध्यम से पीड़ित तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसकी भी जानकारी भी उपस्थित छात्रों को दी गई है।सारण पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है और ऐसे सभी अभियानों को निरंतर प्रभावी एवं परिणामदायी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## रिटायर्ड शिक्षक के घर से 50 हजार नगदी समेत 50 लाख के जेवर की हुई भीषण चोरी

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के शोभेपुर गांव मे गुरूवार की रात चोरों ने एक रिटायर्ड शिक्षक के घर से 50 हजार नगदी समेत लाखों के आभूषण की चोरी कर ली। घर में भीषण चोरी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। भेल्दी थाने मे दिए गए आवेदन मे शोभेपुर गांव के रिटायर्ड शिक्षक योगेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि वे गुरूवार की रात खाना खाकर सो गए थे।शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे प्रतिदिन की तरह उठकर शौच हेतु अपने घरेलू शौचालय में गए तो देखा कि आंगन के तरफ एवं घर से आंगन जाने वाली दरवाजा का किवाड़ खुला हुआ है।मुझे लगा कि मेरा कोई लड़का दरवाजा को खोलकर बाहर निकला हुआ है।जब टहलकर आए तो पता चला कि मेरे घर मे भीषण चोरी हुई है।मेरे घर के दो मंजिला घर के सभी कमरा जिसमे कोई सदस्य नहीं था।दिवान पलंग, अलमीरा व ट्रंक सभी को तोड़कर तथा घर में रखा वर्तन, कीमती सामान, जेवर व रूपए की चोरी कर ली।आवेदन मे कहा गया है कि सभी अपराधी घर के सज्जा से छत के रास्ते घर मे प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।चोरो ने चांदी की दरकश, पायल 10 सेट, बिछिया 10 सेट, चांदी का एक सेट कटोरा, पतोहू के सोने की पाच सेट, दो सोने की लॉकेट, नाक की 10 पीस, सोने की चेन 3 पीस, हार 3 पीस, बाला 3 पीस, मंगलसूत्र 2 पीस, टीका 1 पीस, नथिया 1 पीस व दूसरे पतोहू के सोने की झूमका, नथिया, मंगटीका, चांदी की पायल पत्नी का दो सेट छागल, सोने की अंगूठी, छूछी, पीतल का हंडा, फूलहा वर्तन, 50 हजार नगद समेत करीब 50 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली गई।

### आवेदन में घर की पेंटिंग करने वाले मजदूरो पर चोरी का अंदेशा

थाने में दिए गए आवेदन में गृहस्वामी ने घर की पेंटिंग करने वाले मजदूरो पर चोरी का अंदेशा ब्यक्त किया है।आवेदन में कहा गया है कि उनके घर में पिछले तीन महीने से पेंटिंग का काम चल रहा था।जिसमें भेल्दी थाने के बांसडीह गांव के जमादार दास अपना मजदूर लेकर आता था और घर की पेंटिंग करता था।काम करने वाले मजदूर सब मेरी पत्नी से अक्सर पुछ ताछ करते थे कि घर में कितना आदमी रहता है।गृहस्वामी को पूर्ण विश्वास है कि पेटिंग करने वाला जमादार दास उसके मजदूरो ने घर के सभी सामानों को देखकर सुनियोजित ढ़ंग से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।इधर, थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस चोरी की इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की छानबीन मे जुट गई है।

## सारण के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के विधि विशेषज्ञ बने सोनपुर के रंजन कुमार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सबलपुर निवासी रंजन कुमार प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय (कमिश्नरेट), सारण के विधि विशेषज्ञ बने। आपको बताते चले कि रंजन कुमार का पैतृक आवास सोनपुर प्रखंड के सबलपुर उत्तरी पंचायत स्थित नेवलटोला में है और ये जितेंद्र राय के पुत्र है। सारण कमिश्नर के विधि विशेषज्ञ (कानूनी सलाहकार) बनने कि खबर के बाद पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। रंजन कुमार बचपन से ही कर्मठ, लगनशील और पढ़ाई में उत्तम रहे है। 2024 में इन्होंने वकालत की पढ़ाई चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया और एक साल सर्वोच्च न्यायालय में अपना योगदान दिए। इस खबर के सुनते ही लोगो ने बधाई देना शुरू हों गया।

# सोनपुर मेला : पापी पेट का सवाल, पढ़ने लिखने की उम्र में करतब दिखा रहें हैं छोटे-छोटे बच्चें

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्वविख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में हर तरफ रंग-बिरंगी रोशनी और चहल-पहल है। लोक लुभावने खेल तमाशे, मीठे धुनों पर सजीव लोक नृत्य और दुकानों की चमक-दमक में हर कोई खोया हुआ है। लेकिन इस रौनक के बीच एक ऐसा दृश्य है जो दिल को गहराई से झकझोर देता है। महज 10 साल की नन्ही सी बच्ची, बच्चे जिंदगी और मौत के बीच तनी रस्सी पर खड़ी, अपने छोटे-छोटे कदमों से संतुलन साधते हुए चल रही है। इतना ही नहीं सर पर कटोरे, थाली रखकर रस्सी के सहारे एक छोड़ से दूसरे छोड़ तक गीतों के धुन पर धीरकते हुए आगे की ओर बढ़ रहे है. यह रस्सी न केवल उसके साहस की, बल्कि उसकी मजबूरियों की भी गवाही देती है। करीब 15 फीट ऊपर, हवा में झूलती रस्सी पर उसके नन्हे पैर किसी कुशल कलाकार की तरह थिरकते हैं। उसकी झुकी हुई नजरें और




आत्मविश्वास से भरे कदम जैसे हर चुनौती का सामना करने का संदेश देते हैं। लेकिन इस हिम्मत के पीछे छिपी मजबूरियों को शायद ही कोई समझ पाता हो। भीड़ उसे देख स्तब्ध है। लोग तालियां बजाकर उसकी हिम्मत को सराह रहे हैं। कुछ लोग उसकी कला के बदले 10 या 20 रुपये उसके पास फेंक देते हैं। लेकिन क्या वे समझ पाते हैं कि ये सिक्के उस बच्ची की मेहनत और बचपन की कीमत नहीं, बल्कि उसकी मजबूरी का प्रमाण हैं? इस दृश्य को देख मन में एक सवाल उठता है- क्या हमारे समाज ने मासूम बचपन की यही कीमत तय की है ? क्या बच्चों की मासूमियत और उनके सपनों को इस तरह रस्सी पर झूलने के लिए छोड़ देना हमारी जिम्मेदारी को परिभाषित करता है? यह कहानी महज एक बच्ची की नहीं है। यह उन हजारों बच्चों की कहानी है जिनका बचपन गरीबी और मजबूरी की भेंट चढ़ चुका है। जो अपनी उम्र से पहले ही बड़े हो गए हैं और जिनके सपने वक्त की धुंध में कहीं खो गए हैं। उसके छोटे छोटे हाथ, जिनमें किताबें और खिलौने होने चाहिए थे, अब घर की जिम्मेदारियों का बोझ उठा रहे हैं। उसका बचपन, जिसे खिलखिलाहट और नटखट खेलों में डूबा होना चाहिए था, आज संघर्ष और जीविका का साधन बन गया है। यह नन्ही बच्ची हर कदम पर न केवल अपनी कला का प्रदर्शन कर रही है, बल्कि अपनी जिंदगी का संतुलन भी साध रही है।यह नजारा जहां इस बच्ची की प्रतिभा और जीवटता की तारीफ करता है, वहीं हमें आईना भी दिखाता है। यह समाज से सवाल पूछता है-क्या हर बच्चे को अपना बचपन, अपनी मुस्कान और अपने सपनों को जीने का अधिकार नहीं होना चाहिए ? क्या यही विकसित भारत व समृद्ध भारत व बिहार है. क्या ग़रीबी होना इतना बड़ा गुनाह है. सरकार धरातल पर देखकर क्यों नहीं योजना बनती है. एक बक्त के रोटी के लिए वचपन का जिंदगी संकट में डाल देतीं है वही सरकार करोड़ों रूपये अनाप शनाप पर खर्च करती है लेकिन इन गरीब बच्चों के भविष्य को कौन देखेंगे कौन सुनेगा,कौन लेंगे इनकी जिम्मेवारी ?

# सोनपुर विधायक ने डुमरी बुज़ुर्ग से की आभार यात्रा की शुरुआत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर बिधायक विनय कुमार सिंह ने बिधान सभा चुनाव जितने के बाद क्षेत्र भ्रमण व आभार यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत बिधान सभा अंतर्गत डुमरी बुज़ुर्ग स्थित माँ काल रात्रि के मंदिर से शुक्रवार को किये।

विधायक विनय सिंह विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँव में पहुँच कर जनता से आशिर्बाद प्राप्त करेंगे और आभार व्यक्त करेंगे. विधायक ने सर्व प्रथम माँ काल रात्रि माता के दरबार पहुचे जहा मंडल कार्यकर्ताओ ने नवनिर्वाचित बिधायक को गाजे बाजे व फुल माला तथा अंग वस्त्र दे गर्म जोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात



माता काल रात्रि मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रजेशा नंद मिश्रा व सोना मिश्रा ने विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ माता काल रात्रि की पूजा अर्चना कराया। इस दौरान नवनिर्वाचित बिधायक ने मन्नत पुरी होने पर माता को झुले प्रसाद चढाऐ। मंदिर प्रांगण मे उपस्थित भारी संख्या मे मौजूद स्थानीय ग्रामीण जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी को चुनाव मे बिजयी बनाने के लिए आभार प्रकट किया। डुमरी बुज़ुर्ग के ज्वलंत समस्या को एक एक कर सुना व सभी को समस्या के निदान हेतू आश्वस्त किया।इस अवसर पर सोनपुर बिधान सभा प्रभारी पंडित बेद प्रकाश उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल कुमार चौरसिया,भाजपा नेता,मुकेश कुमार सिंह, धनश्याम सिंह,उदय कुमार सिंह, प्रेम चंद सिंह, रवि रंजन सिंह,सोनु,संजय कुमार मंदिर कमेटि के अध्यक्ष भोला सिंह, राजीव कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, इन्द्र जीत सिंह, संतोष कुमार पटेल भारी संख्या मे स्थानीय ग्रामीण महिला व पुरुष लोग मौजूद थे।

## मढ़ौरा एसडीपीओ को मिला प्रशस्ति पत्र



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** चुनाव कार्य में उत्कृष्ट योगदान, अनुकरणीय सेवा भावना तथा उल्लेखनीय सहयोग के लिए जिला के एसडीपीओ सवर्ग में एसडीपीओ मढ़ौरा-1 नरेश पासवान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष इस सवर्ग में अन्य एसडीपीओ के साथ मढ़ौरा एसडीपीओ को भी उल्लेखनीय भूमिका को लेकर चयनित किया था। एसएसपी ने एसडीपीओ के परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा, टीम भावना एवं समर्पण के लिए बधाई दी है। इसके साथ भविष्य में इसी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जनसेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया है। एसडीपीओ मढ़ौरा नरेश पासवान को प्रशस्ति पत्र मिलने पर स्थानीय पुलिस अधिकारी व बुद्धिजीवी वर्ग ने बधाई दी है ।

## अमनौर विद्यायक ने किया यात्री शेड का उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ मंटु सिंह ने किया यात्री शेड तथा सिटिंग सलएब का उद्घाटन किया । पूर्व प्रौधौगिकी मंत्री एवम वर्तमान अमनौर विधायक ने अपने मद से



स्वीकृत यात्री सुविधाओं के लिए सिटीटिंग सलएब का निर्मण का अनुशंसा किया था जो नियत समय पर बन कर तैयार शेड का उद्घाटन किया ।उक्त शेड रेवाघाट गंडक नदी के समीप किया गया है ।इस मौके पर उपप्रमुख मैनेजर साह ,सुरेन्द्र सोनी ,चंद्रिका राय ,बीडीसी संजीव सिंह ,सुहैल मियां ,इकबाल आलम ,जयनरायन प्रसाद ,रुनु सिंह ,मुखिया प्रतिनिधि विकाश कुमार सिंह ,पूर्व मुखिया राकेश कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# विकास मित्र हुए हाइटेक, टैब से करेगे योजनाओं को अपडेट

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडल के विकास-मित्र को सरकार के निर्देश पर अब हाइटेक किया गया है। विकास मित्र सरकार के निर्देश पर मांगी जाने वाली जानकारी को अब टैब से अपडेट करगे। इससे योजनाओं के संचालन में गति मिलेगी वही सम्पूर्ण डाटा विभाग के साईट पर एक साथ उपलब्ध होगा। बता दे कारण सरकार ने विकास मित्रों को हाइटेक करने की योजना के तहत सभी विकास मित्रों को टैब हेतु 25 हजार रुपय की राशि उपलब्ध कराई थी। अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी रंजय कुमार सिंह ने स्वयं रूचि लेकर राशि का टैब खरीदने में उपयोग हो इसे



सुनिश्चित कराया है। गुरुवार को एडब्लूओ ने अनुमंडल के तरैया, अमनौर और मढ़ौरा प्रखंड के विकास मित्रों का नए टैब के साथ बैठक की। बैठक में विकास मित्रों को टैब का उपयोग और उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। एडब्लूओ ने बताया कि सरकारी योजनाओं के क्रियावन्यन एवं सूचना संग्रहण में विकास मित्र एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पहले जहां उन्हे मोबाइल से सूचना व डाटा को अपलोड करना पड़ता था। अब टैब की उपलब्धता से कार्यों को अधिक सुगमतापूर्वक पूरा करेगे। एडब्लूओ ने बताया कि अनुमंडल के सभी विकास मित्र अब टैब युक्त हो गए है। बैठक में मढ़ौरा, अमनौर, तरैया के विकास मित्र उपस्थित थे। सभी विकास मित्र नए टैब के साथ प्रसन्न और उत्साहित दिखे।

## फायरिंग कर बाइक सवार से छिनतई का असफल प्रयास

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र पटेढ़ी रेलवे ढाला के पास अपराधियों ने फायरिंग एक व्यक्ति से बाइक और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। घटना शुक्रवार की दोपहर बाद तीन बजे के करीब की रेलवे ढ़ाला संख्या- 23 बताई गई है। बाइक सवार व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार को तीन हथियारबंद अपराधियों ने पहले राहगीर से मोबाइल और बाइक को लूटने का प्रयास किया। असफल होने पर बाइक सवार पर अपराधियों ने तीन फायर किए संयोग से बाइक सवार को गोली नही लगी। एक गोली बाइक सवार के पेट के करीब से निकली जिससे उसके पेट पर जख्म के निशान बन गे। रोड से अन्य को आते देख अपराधी फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर एसडीपीओ नरेश पासवान, थानाध्यक्ष अजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये। पुलिस को घटनास्थल से एक गोली का खोखा बरामद हुआ है। घटना को लेकर पीड़ित बाइक चालक गौरा निवासी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि वह अपने मां को लाने के लिए घर से गरखा के जानकी नगर जा रहा था। रेलवे ढाला नम्बर- 23 से पुरब मुख्य पथ पर तीन अपराधी पहले से मुंह बांधे खड़े थे। उसके नजदीक पहुंचते ही अपराधियों ने उसे घेर लिया और मोबाइल, बाइक को लूटने का प्रयास करते हुए गोली चला दी। अपराधियों ने एक गोली उसके पैर और सिर की तरफ मारी जो उसे नहीं लगी। बाद में तीसरा फायर किया जो उसके पेट के करीब से गुजरा।




# केन्द्रीय विद्यालय मशरक में हुआ भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** केन्द्रीय विद्यालय मशरक में 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन भारतीय भाषाओं के संवर्धन, विरासत, संस्कृति और अभिव्यक्ति को समायोजित करने वाली विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भारतीय भाषा उत्सव भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो देश की भाषायी विविधता का जश्न मनाने, छात्रों में अपनी भाषाओं के प्रति गौरव जगाने और भाषायी एकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है, यह उत्सव 11 दिसंबर को महान कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है। भारतीय भाषा उत्सव 2025 का उद्देश्य भारतीय भाषाओं और साहित्य की समृद्ध विविधता के प्रति गहरी सराहना और गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। यह विविध समुदायों के बीच भाषायी आदान-प्रदान और सहयोग को प्रोत्साहित करके एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देना चाहता है। यह आयोजन छात्रों को अपनी मातृभाषा के अलावा कम से कम एक अतिरिक्त भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे भाषायी समावेशिता और राष्ट्रीय एकता दोनों मजबूत होंगी। विद्यालय परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों ने भाषा वृक्ष पेंटिंग, बहुभाषा कथा श्रृंखला, भाषा आधारित पॉडकास्ट, कहावतों में भाषाओं का समन्वय, गीत-संगीत में भाषायी एकता और भारत में भाषाओं की समृद्ध परंपरा को दर्शाती हुई कविताओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर विद्यालय के संस्कृत शिक्षक राहुल कान्त पाण्डेय ने भी भाषा के महत्व को प्रदर्शित करती हुई अपनी स्वरचित कविता का काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय मशरक की प्राचार्या रंजना झा ने अपने आशीर्वचन में बच्चों को भाषा की महत्ता को समझाते हुए विविध भाषाओं को सीखने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अभिव्यक्ति कौशल तथा सामाजिक सरोकार को सुदृढ़ करती है। कार्यक्रम के प्रभारी व समन्वयक श्रीमति निशा सिंह (पीजीटी आंग्ल भाषा) एवं श्रीमति निधि मिश्रा (संगीत शिक्षिका) की देखरेख में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसका सफल संचालन श्री राहुल कान्त पाण्डेय (संस्कृत शिक्षक) ने किया। कार्यक्रम में श्री नीतीश कुमार (प्राथमिक शिक्षक), सुश्री जिम्मी चौधरी( कला शिक्षिका), श्री रंजन प्रवीण (टीजीटी आंग्ल) मुख्य भूमिका में रहे। भारतीय भाषा उत्सव के समापन के अवसर पर संचालक व समन्वयक श्री राहुल कान्त पाण्डेय ने सबका आभार प्रकट किया।

## बाइक सवार अपराधियों ने घर में घुस की लूट पाट, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहरौली गांव में दो बाइक सवार चार अपराधियों ने कट्टा और चाकू के बल पर घर में घूस लूटपाट की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया। मौके पर पहुंची 112 और थाना पुलिस जांच में जुटी है। बहरौली कुंवर टोला गांव निवासी बसंत साह पिता कैलास साह ने बताया कि उनकी बहरौली बाजार पर चाय मिठाई की दुकान हैं 11 दिसम्बर की रात 8 बजें के लगभग घर से फोन आया कि घर में दो बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर पत्नी सुनीता देवी और मां लाखपति देवी पर कट्टा और चाकू भिड़ा घर में लूट पाट किए हैं उन्होंने बताया कि बक्से में रखें सोने चांदी के आभूषण और चालीस हजार नगदी लूट कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## शामकौड़िया में फिजिकल एकेडमी के लिए हुआ ध्वजारोहण

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के शामकौड़िया रेलवे स्टेशन के पास खेल मैदान के परिसर में शुक्रवार को बजरंग फिजिकल एकेडमी के लिए पंडित ब्यास तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजा पाठ के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं के साथ गणमान्य लोगों ने भाग लिया। एकेडमी के संचालक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से छात्र व छात्राओं को बिहार पुलिस, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, आइटीबीपी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ जैसे सेनाओं के लिए शैक्षणिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्र तथा छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था की जाएगी। वहीं गरीब छात्र-छात्राओं को यह शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी। ट्रेनर के रूप में यूपी प्रयागराज के शारीरिक शिक्षक मुकेश पांडेय तथा मोहम्मद इरशाद हैं। वहीं संचालक ने बताया कि अकैडमी में अनुशासन का विशेष ख्याल रखा गया है। इस मौके पर संतोष कुमार यादव, रामबाबू सिंह, अभिनंदन सिंह, रजनीश रंजन तिवारी, पुरुषोत्तम सिंह, राकेश कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग थे।

## 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' बिहार के शिक्षकों और छात्रों के लिए सशक्त मंच - ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन

**दैनिक खोज खबर/पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों के सीखने के स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहारङ्कद चेंज मेकर्स मंच द्वारा की जा रही पहल लगातार चर्चा में है। मंच के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने बताया कि ÷टीचर्स ऑफ बिहार की स्थापना इस सोच के साथ की गई थी कि बिहार के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। शिक्षकों को एक ऐसा प्लेटफॉर्म मिले जहां वे अपने अनुभव, नवाचार और तकनीकी समझ को साझा कर सकें। आज यह मंच केवल विचारों का नहीं, बल्कि सकारात्मक बदलावों का बड़ा केंद्र बन गया है।÷

दोनों ने कहा कि डिजिटल युग में शिक्षा केवल कक्षा की चार दीवारों तक सीमित नहीं रह गई। ऐसे में यह मंच शिक्षकों को वीडियो आधारित लर्निंग, ऑनलाइन सामग्री, शिक्षण तकनीक, ई-लर्निंग संसाधन, डिजिटल टूल और टेक आधारित गतिविधियों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। इससे कक्षा-कक्ष में पढ़ाई अधिक प्रभावी, रोचक और आधुनिक बन रही है।उन्होंने यह भी बताया कि मंच की गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में सीखने के प्रति रुचि जगाना, शिक्षकों में नवाचार की भावना बढ़ाना और स्कूलों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। ÷हमारा विज़न है–बिहार के हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और आधुनिक शिक्षा पहुँचे।÷

## प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आफताब आलम ने मशरक बीईओ का प्रभार लिया



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में रिक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विभागीय निर्देश के आलोक में जारी पत्र के अनुसार शुक्रवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मशरक आफताब आलम ने प्रभार लिया। प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि स्कूली शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में विभागीय दिशा निर्देश का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने का प्रयास सभी के सहयोग से किया जाएगा। मौके पर शिक्षक संघ नेता संतोष कुमार सिंह , अनिमेष मोहन के अलावे रहमत अली मंसूरी , वरुण कुमार सिंह, बीआरपी मनोज कुमार , संजीव कुमार , मुन्ना कुमार सहित अन्य थे ।

## अतिक्रमण को लेकर सरकारी भूमि की हुई मापी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के महम्मदपुर बाजार में शुक्रवार को अतिक्रमण को लेकर सरकारी भूमि की मापी कराई गई। इस दौरान अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी,अमीन और मांझी थाना पुलिस की मौजूदगी में पूरे बाजार की मापी की गई। यह कार्रवाई बाजार में लगने वाले दैनिक जाम से राहगीरों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए की गई है। अंचल कार्यालय के अमीन और कर्मचारियों ने नक्शे का मिलान करते हुए बाजार की नापी की। उन्होंने सड़क की चौड़ाई निर्धारित की और नापी के बाद दुकानों व सड़क पर अतिक्रमण वाले हिस्से को चिन्हित किया। अंचल कर्मचारी ने चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन पर दोबारा दुकान या ठेला लगाया गया, तो ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। उन्होंने सभी से प्रशासन के इस कार्य में सहयोग करने और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की अपील की। इस संबंध में सीओ सौरभ अभिषेक ने बताया कि महम्मदपुर बाजार की नापी का कार्य पहले दिन सुनिश्चित किया गया है। सरकारी अमीन द्वारा बाजार की नापी कर ली गई है, लेकिन अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद अतिक्रमित जमीन को चिह्नित कर उसे मुक्त कराया जाएगा।

## हनुमत पूजनोत्सव अखाड़ा मे कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ रोचक मुकाबला



### दर्जनो महिला और पुरुष पहलवानो ने दिखाया दमखम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक स्टेशन रोड में 5 दिवसीय हनुमत पूजनोत्सव के चौथे दिन रेलवे शिवमंदिर के प्रांगण मे कुश्ती प्रतियोगिता का रोचक मुकाबला हुआ। जिसमे उत्तर प्रदेश और बिहार के करीब दो दर्जन महिला और पुरुष पहलवाने ने अपना दमखम दिखाया। दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ आरपीएफ इंस्पेक्टर शहनवाज हुसैन और पुजा कमिटी के सदस्य विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य सदस्यो ने परिचय प्राप्त कर किया। दंगल प्रतियोगिता मे यूपी बलिया के पहलवान रोनी सिंह और ब्रजेश सिंह के बीच काफी रोचक मुकाबला हुआ। दो बार बराबरी के बाद दर्शको के आग्रह पर दोनो के बीच तीसरे राउंड का दंगल हुआ जिसमे रोनी सिंह जीते। यूपी के मोहित कुमार ने छपरा बिहार के मोहित कुमार को हराया। जबकि देवरिया यूपी की खुशबु कुमारी ने छपरा की आस्था कुमारी को पटकनी दी। देवरिया यूपी की रानी कुमारी और छपरा की संध्या कुमारी तथा बलिया यूपी की अंजली कुमारी और छपरा की मनिषा कुमारी के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। इनके अलावे स्थानीय पहलवानो को भी दंगल प्रतियोगिता मे दमखम दिखाने का मौका मिला। कुश्ती निर्णायक सारण के विकास पहलवान ने बेहतर संयोजन के साथ प्रतियोगिता सम्पन्न कराया। इनके साथ तकनीकी के रूप में विनय पंडित , कुमार कौशलेंद्र , हर्षवर्धन सिंह सहित अन्य ने सहयोग किया सभी विजेता पहलवानो एवं निर्णायक को पूजा कमिटी की ओर से मोमेंटो अंग वस्त्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद , सचिव बसंत कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, विजय प्रसाद, अनिल कुमार रस्तोगी , शंभू सिंह , शिवशंकर प्रसाद, दीपक कुमार दीपू, रंजन कुमार सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चौकीदार का बेटा समेत दो सड़क दुघर्टना में घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में स्कूल से आने के दौरान 6 वर्षीय लड़का सड़क दुघर्टना में घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल किशुनपुरा गांव निवासी चौकीदार सुदीश मांझी का 6 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार हैं। घायल स्कूल से घर लौट रहा था कि सड़क पार करने के दौरान चार चक्का कार की चपेट में आ गया। वहीं चैनपुर गांव में ही अज्ञात तेज रफ्तार बुलेट बाइक की चपेट में आने से 65 वर्षीय सुरेश सिंह घायल हो गए। दोनों का सीएचसी मशरक में प्राथमिक उपचार किया गया।

## स्काउट गाइड का प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) के निर्देश पर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, छपरा में भारत स्काउट और गाइड सारण के द्वारा प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में स्काउट और गाइड के आधारभूत कौशल,अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक दायित्वों से संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर का संचालन शिविर प्रधान के रूप में अरुण परासर (जिला आयुक्त, स्काउट) तथा अर्चना कुमारी सिन्हा (गाइड सेक्शन) शिक्षिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अमनौर कल्याण ने किया। प्रशिक्षक द्वय ने प्रतिभागियों को स्काउटिंगङ्कगाइडिंग के विभिन्न नियमों, गांठें बाँधने की तकनीक, प्राथमिक उपचार, झंडी गीत, अनुशासन ड्रिल सहित कई महत्त्वपूर्ण बिंदुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया।

शिविर में सहायक प्रशिक्षक के रूप में आलोक राज (शिक्षक मध्य विद्यालय दुर्गा टोला,गड़खा), सुनीता कुमारी सिन्हा (शिक्षिका अवध उच्च विद्यालय चैनपुर चरिहारा) तथा जिला प्रशिक्षक प्रणव ने सहयोग किया और विद्यार्थियों को प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से दक्ष बनाया। विद्यालय प्रबंधन से निदेशक शशि शेखर,प्राचार्य राहुल तिवारी,शिक्षक उत्तम सिंह,वेद प्रकाश तथा शिक्षिका खुशी सिंह ने प्रशिक्षण शिविर की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा बच्चों को उत्साहपूर्वक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड के आदर्शों को जीवन में उतारने तथा समाजसेवा के प्रति सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।

## भाजपा नेता पप्पू सिंह को मातृ शोक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के आटा गांव निवासी लालबाबू सिंह की पत्नी व भाजपा के सक्रिय सदस्य पप्पू सिंह की मां का बुधवार की रात को निधन हो गया। धर्मप्रयाण 80 वर्षीय राजपति देवी के निधन की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वुधवार की सुबह उनके पैतृक निवास पर पहुंच लोगों ने पार्थिव शरीर का अन्तिम दर्शन किया ओर दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना की। उनका अन्तिम संस्कार बुधवार को ही किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और शोकाकुल परिवार को अपनी संवेदना प्रकट किया। पप्पू सिंह के मां की निधन की खबर पर महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, भाजपा नेता कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह, जेपी सेनानी शंभू सिंह, जन सुराज के अभय सिंह समेत कई लोगों ने संवेदना प्रकट किया।

## एक ही दिन में हाफ गये अधिकारी, अतिक्रमण हटाओ अभियान टांय-टांय फिश



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के किनारे और नाले के उपर किए गए अतिक्रमण को हटानें के लिए चल रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान टांय-टांय फिश साबित हो रहा है। 10 से 17 दिसम्बर तक चलने वाले साप्ताहिक अभियान में एक दिन में ही अधिकारी हांफते नजर आए। अतिक्रमण हटाओ अभियान की चेतावनी अतिक्रमणकारियों पर बेअसर साबित हो रही है। पक्के निर्माण खड़े दिख रहे हैं और करकट,शेड हटाए गए हैं। शुक्रवार की दोपहर सड़क के किनारे लोगों की आपत्तियां दर्ज कराने पर मापी की प्रकिया शुरू हुई। कुछ दुकानदारों पर फिर से अतिक्रमण रखनें या नहीं हटानें पर जुर्मानें की कार्रवाई की शुरुआत की गयी। अभी भी महाराणा प्रताप चौंक, महावीर चौक, दुर्गा चौक, डाक-बंगला परिसर, अस्पताल चौंक, अस्पताल परिसर और स्टेशन रोड और नगर पंचायत क्षेत्र से गुजर रही एन एच 227 ए राम जानकी पथ, छपरा मशरक एस एच 90 व सिवान शीतलपुर एस एच 73 पर दोनों तरफ अतिक्रमण हटाओ अभियान बे असर साबित हो रहा है। ऐसे में नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों की सूरत कैसे बदलेगी। महाराणा प्रताप चौंक,यदु मोड़, चंदेश्वर मोड़,घोघाड़ी नदी पुल के पास हरि मोड़ पर अभी भी गिट्टी,बालू ईट समेत मकान निर्माण की सामाग्री पड़ी हुई है। महावीर चौक से अस्पताल चौंक और दुर्गा मंदिर से पुराने रेलवे स्टेशन पर के दोनों तरफ अवैध तरीके से ई रिक्शा का कब्जा जमा रहता है जिससे इस इलाके में जाम की स्थति बनी रहती है। पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन को चाहिए कि मुख्य हाईवे सड़कों को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त कराए जिससे इस हाईवे सड़क से सिवान, गोपालगंज, बेतिया चम्पारण,यूपी और नेपाल की तरफ से राजधानी पटना को जानें वालें वाहन फराटे से गंतव्य स्थान पर समय से पहुंचे। उन्होंने कहा कि महावीर चौक, महाराणा प्रताप चौंक, अस्पताल चौंक, दुर्गा चौंक और चैनपुर चरिहारा, डुमरसन बाजार, बंगरा बाजार तो हमेशा जाम ही रहता है। इन सभी चौंक चौराहे को पार करने में घंटों लग जाते हैं। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलेगा। नगर पंचायत क्षेत्र में जो भी अतिक्रमण होगा उसे चरणबद्ध तरीके से हटाया साथ ही जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय ने मुह देखकर अतिक्रमण हटानें का आरोप लगाया।

## रसूलपुर में विधायक ने केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन, खूब वायरल हो रहीं तस्वीर



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एकमा के जदयू विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल का जन्म दिवस पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ रसूलपुर चट्टी स्थित जदयू प्रधान कार्यालय सह आवास में मनाया गया. छठी बार निर्वाचित विधायक धूमल ने इस मौके पर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ केक काटा और खुशियां बांटी. केक काटने के बाद सभी ने केक को वितरण किया और विधायक को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी. इस दौरान समर्थकों ने विधायक धूमल को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र की विकास के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. विधायक धूमल ने भी अपने समर्थकों समेत क्षेत्र की जनता को एक बार फिर से भरोसा जताने को लेकर शुभकामनाएं दी और सबका अभिवादन किया. इस मौके पर डॉ अमित तिवारी,मुरली सोनी, बिपीन बिहारी सिंह, विकास कुमार समेत कई गणमान्य व समर्थक मौजूद रहे.



# सीवानःस्पीडी ट्रायल चलाकर मुखिया व प्रतिनिधि के हत्यारों को दें फांसी की सजा

### जिला मुखिया संघ ने निकाला प्रतिवाद मार्च, दिया एक दिवसीय धरना

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** रघुनाथपुर प्रखंड के गोपी पतियाव पंचायत के मुखिया रांधा साह व बड़हरिया प्रखंड के रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय पासवान की हत्या के विरोध में जिला मुखिया संघ द्वारा प्रतिवाद मार्च निकाला गया। इस दौरान शहर के गोपालगंज मोड़ स्थित डाड आंबेडकर स्मृति पार्क में एक दिवसीय धरना का भी आयोजन किया गया। प्रतिवाद मार्च जिला परिषद परिसर से निकाला गया, जो जेपी चौक, पटेल चौक होते हुए धरना स्थल पर पहुंचा। मार्च में शामिल सभी मुखिया अपनी हाथों में त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों




की सुरक्षा सुनिश्चित करने, परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, शस्त्र अनुज्ञप्ति जारी करने तथा हत्यारों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। इस दौरान पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने डीएम-एसपी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय भाष्कर चौहान ने कहा कि आए दिन जिस प्रकार से बदमाशों द्वारा जनप्रतिनिधियों को टारगेट किया जा रहा है, इससे उनमें भय का माहौल बना हुआ है। कहा कि सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया दिन-रात एक करके लोगों की सेवा कर रहे हैं, लेकिन बदमाश उनकी भी हत्या कर दे रहे हैं। कहा कि आए दिन ऐसी घटनाओं को ध्यान में रखकर बिहार सरकार ने करीब छह माह पूर्व पत्र जारी कर डीएम को विशेष कर पंचायत के मुखिया को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अग्नेयास्त्र की अनुज्ञाप्ति देने का निर्देश दिया था, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक एक भी मुखिया, जिन्होंने अपनी सुरक्षा के गुहार लगाते हुए आवेदन देकर गुहार लगाई थी उन्हें किसी प्रकार की सुरक्षा भी मुहैया नहीं कराई गई, जो काफी खेदजनक है। उन्होंने कहा कि जिला मुखिया संघ दोनों हत्याकांडों में गिरफ्तार बदमाशों की स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा देने की मांग करता है। धरना का संचालन ई. विनय चौहान ने किया। धरना में मुखिया अमित सिंह, अंगद तिवारी, चंदन पाठक, हरेराम यादव निरंजन सिंह, जीवनारयण यादव, तनवीर अहमद सहित अन्य मुखिया शामिल थे।

## अतिक्रमण हटाने के बाद भी शहर में भीषण जाम से नहीं मिल रहा निजात

**सिवान ।** शहर की सड़कें इन दिनों भीषण जाम से कराह रही हैं। स्थिति यह है कि शहरवासियों के लिए सड़क पर चलना, सांस लेना और यात्रा करना किसी चुनौती से कम नहीं है। शहर के जेपी चौक से बबुनिया मोड़, अस्पताल रोड, स्टेशन रोड व थाना रोड की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। हर चौक-चौराहे पर अतिक्रमण ने ट्रैफिक को पंगु बना दिया है। कुछ दिन पूर्व शहर से अतिक्रमण हटाने के बाद भी शहर में भीषण जाम से लोगों निजात नहीं मिल रहा है। शहर की सड़कों पर दिख रहा भीषण जाम लोगों को पैदल चलने के लिए मजबूर कर रहा है। लोग घरों से बाजार की ओर रुख करने के पहले शहर में जाम की स्थिति के बारे में जानकारी ले रहे थे। वहीं शुक्रवार को जैसे ही सरकारी कार्यालयों के साथ शहर की दुकानें खुलीं लोगों की भीड़ दिन चढ़ने के साथ बढ़ने लगी। इसके साथ ही वाहनों का चौतरफा जाम भी शहर में देखने को मिला। सुबह में अस्पताल रोड, गांधी मैदान स्थित रोड, जेपी चौक, बबुनिया मोड़, गोपालगंज मोड़, थाना रोड, फतेहपुर बाइपास, स्टेशन रोड आदि जगहों पर जाम का नजारा आम रहा।

## आरपीएफ ने श्वान दस्ता की मदद से जंक्शन पर चलाया जांच अभियान

**सिवान।** जंक्शन पर बढ़ती भीड़ और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। प्लेटफार्म पर सुरक्षात्मक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम प्रतिदिन व्यापक जांच अभियान चला रही है। शुक्रवार को जंक्शन पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए आरपीएफ ने श्वान दस्ते की मदद से जांच की। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि पाली प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव द्वारा ड्यूटी स्टाफ को जानकारी देते हुए ड्यूटी पर तैनात किया गया। वहीं एएसआइ विनोद कुमार यादव ने श्वान दस्ता व स्टाफ के साथ टीओपीबी, जहरखुरानी, मानव तस्करी आदि अपराधों की रोक थाम, महिला सुरक्षा, अवैध वेंडर, लावारिश बच्चों की निगरानी रखते हुए ज्वलनशील विस्फोटक सामग्री की चेकिंग की। जांच प्लेटफार्म संख्या एक, दो, तीन, चार, यात्री प्रतिक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया, पीआरएस, एफओबी, यार्ड में हुई। साथ ही साथ गाड़ी संख्या 15047, 15028, 15135, 15707, 15708, 15097, 14006, 15566, 02564, 15034, 15027, 15048 व 12565 को अटेंड कर सकुशल पास कराया गया। यात्रियों को जहर खुरानो के प्रति सतर्क व जागरूक किया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन चवर गांव स्थित गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज हुआ। घायलों की पहचान बड़हरिया निवासी नीतिश कुमार, नारयण कुमार व रंजन कुमार के रूप में हुई है। घायलों के स्वजनों ने बताया कि नीतिश का पेट में दर्द था। उसका इलाज करने के लिए शहर तीनों एक बाइक से आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मारकर फरार हो गया। जिससे तीनों घायल हो गए।

## सीवान ~ 18 मामलों की एसपी विक्रम सिहाग ने की सुनवाई, थानेदारों को फोन करके भी त्वरित कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने फरियाद लेकर आए लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें 18 से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल एक दर्जन से अधिक फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## शराब डिलीवरी करने जा रहे हैं दो तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** सराय थाना की पुलिस ने गुरुवार को वैशाखी मोड़ से शराब की डिलीवरी करने जा रहे दो शराब तस्करों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के मैंरवा टोला निवासी मनोज गुप्ता का पुत्र सोनू कुमार व राजेश शर्मा का पुत्र रीतिक कुमार है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो वाहन से शराब की खेप आ रही है, जहां हाईवे स्थित वैशाखी मोड़ के समीप वाहन जांच शुरू की गई जैसे ही तस्करों की नजर पुलिस पर पड़ी तस्कर वाहन लेकर भागने लगे। इसके बाद तस्करों को पकड़ लिया गया। दोनों वाहन को जब्त करते हुए तलाशी ली गई तो वाहन से 1046.520 लीटर विदेसी शराब बरामद की गई। पूछताछ के दौरान शराब तस्करों ने बताया कि हम लोग शराब की डिलीवरी तरवारा करने जा रहे थे। पुलिस शराब तस्करों के निशानदेही पर अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## पुलिस दबिश के कारण सन्नी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त रईस ने किया आत्मसमर्पण, नगर थाना की पुलिस लेगी रिमांड पर

**परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव स्थित दाहा नदी से आठ दिसंबर की सुबह पुलिस ने बोरे से नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी सन्नी बांसफोर का शव बरामद किया था। सन्नी की चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। इस मामले में मुख्य अभियुक्त रईस अपने साथी के साथ फरार था। पुलिस की लगातार छापेमारी व दबिश के कारण फरार रईस ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। वहीं नगर थाना रईस को जल्द ही रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इस संबंध में एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि आठ दिसंबर को सन्नी बांसफोर की हत्या जिम संचालक बरीस सिद्दीकी उर्फ रईस आलम द्वारा कर दी गई थी। इस संबंध में मृत सन्नी के स्वजन द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर नगर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। अनुसंधान के क्रम में नगर थाना इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार छापेमारी व दबिश की जा रही थी। दबिश के कारण इस कांड के मुख्य अभियुक्त हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा निवासी बरीस सिद्दीकी उर्फ रईस आलम ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

## चारदीवारी में लगे पिलर की चोरी मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के माहपुर खजरौनी निवासी शहजाद मजहर ने 10 दिसंबर को थाने में आवेदन देकर चोरी के आरोप में पांच लोगों को आरोपित किया है। आवेदन में कहा है कि मेरे पैतृक जमीन में पिलर से किए गए चारदीवारी को मेरे ही गांव के चंद्रिका चौधरी, सुरेश चौधरी एवं उसके स्वजनों द्वारा पिलर उखाड़कर चोरी कर ली गई। पूछने पर वे सभी धमकी एवं रंगदारी की मांग करने लगे। हालांकि इसके पूर्व सितंबर में भी आरोपितों के विरुद्ध सनहा दर्ज कराया गया है। पुलिस द्वारा हिदायत देने के बावजूद भी इन लोगों ने पिलर चुरा लिया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में सभी आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## जनता दरबार में लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं

**सिवान।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुनी और संबंधित पदाधिकारियों को इसकी जांच करा शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान काफी संख्या में फरियादियों की भीड़ देखी गई। जानकारी के अनुसार लकड़ी नबीगंज प्रखंड कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने जनता दरबार आयोजित किया। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत जन्म प्रमाणपत्र बनवाने, नल-जल योजना आदि से संबंधित कार्यों के निपटारे को लेकर लोगों ने बीडीओ से अपनी शिकायत सुनाई व लिखित आवेदन दिया। अधिकारी ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए अली हुसैन, आसमा खातून, अमर किशोर तिवारी आदि फरियादियों से शीघ्र समस्या के निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में लोगों को भी बताएं कि प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार में वे अपनी समस्या उठा सकते हैं। मौके पर रश्मि प्रकाश, धनराज कुमार, लोकनाथ सिंह, पवन गुप्ता आदि उपस्थित थे। हसनपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित जनता दरबार में करीब चार आवेदनों में पड़े थे। इसमें जन्म-मृत्यु से संबंधित, एक राशनकार्ड व एक गायघाट पंचायत में नाला निर्माण से संबंधित मामले पहुंचे थे। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सभी मामले को जांचोपरांत संबंधित पदाधिकारियों को ससमय निष्पादित करने का आदेश दे दिया गया है।

## मैरवा थाना से हुई आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत

**परवेज अख्तर/सीवान।** आम जनता की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को मैरवा थाना से की गई। कार्यक्रम में एसपी विक्रम सिहाग मौजूद रहे। इस दौरान एसपी ने मैरवा थाना में तीन घंटे तक मौजूद रहकर क्षेत्र की समस्याओं को फरियादियों की जुबानी सुनी और उसके समाधान को लेकर त्वरित कार्रवाई की। जनता दरबार में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जनता दरबार की अध्यक्षता करते हुए एसपी ने लोगों से एक एक कर शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। जनता



दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी मारपीट, आवागमन से जुड़ी समस्याएं, पुलिस कार्रवाई में देरी तथा लंबित मामलों के निष्पादन से संबंधित शिकायतें सामने आईं। अस्थाई टैक्सी स्टैंड के कारण सड़क पर जाम की समस्या का स्थाई समाधान और हटाए गए अतिक्रमण पर प्रशासन द्वारा विशेष नजर रखने ताकि दोबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो जैसे कई मामले एसपी के समक्ष रखी गईं। हरिराम ब्रह्म मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था, मैरवा धाम पर स्थाई पुलिस की व्यवस्था, नौतन मोड़ से तितरा के बीच नियमित पुलिस गस्त सुनिश्चित करने, हरिराम कालेज के पीछे और राजेंद्र कुष्ठ सेवा आश्रम परिसर में शरारती तत्वों के जमावड़े पर ध्यान देते हुए कार्रवाई समेत कई समस्याएं भी रखी गईं।

## सीवान : राष्ट्रीय लोक अदालत में आज, 13 न्यायिक बेंच करेंगी मामलों का निष्पादन

**परवेज अख्तर/सीवान।** राज्य एवं राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में शनिवार 13 दिसंबर को सिविल कोर्ट परिसर में पूर्वाह्न 10 बजे से राष्टीय लोक अदालत अपना कार्य करना आरंभ कर देगी। कुल 13 न्यायिक बेंचों में मामलों का निस्तारण किया जाएगा। राष्टीय लोक अदालत में फौजदारी, वैवाहिक, क्लेम, बाट एवं मापतोल, श्रम, बिजली, टेलीफोन, बैंकों से जुड़े मामले, दीवानी वाद में भी विभाजन से जुड़े मामले, ग्राम कचहरी में लंबित पड़े मामले एवं अन्य सभी प्रकार के सुलह योग्य मामलों का आन द स्पाट निस्तारण किया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला न्यायाधीश मोतिश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में उद्घाटन सत्र को संबोधित एवं विधिवत पक्षकारों को विषयगत जानकारी देने के पश्चात लोक अदालत कार्य करने आरंभ करेंगी। कुल 13 न्यायिक बेंचों तथा प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी तथा उन्हें सहयोग करने के लिए पैनल अधिवक्ता की मौजूदगी में मामले निस्तारित किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्थाएं, पूछताछ केंद्र एवं अन्य सुलभ सहायता भी परिसर में मौजूद रहेगी। प्रधान न्यायाधीश स्वयं लोक अदालत के कार्यों का संचालन व देखरेख करेंगे तथा विधि व्यवस्था को सुनिश्चित रखने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी आज बैठक की है और समझा जाता है कि लोक अदालत के उद्घाटन सत्र में नव नियुक्त जिला पदाधिकारी एवं पुलिस कप्तान की भी मौजूदगी रहेंगे। लोक अदालत संध्या पांच बजे तक निरंतर कार्य करेगी।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 91 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 91 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 91 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 91 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में 35, शराब के कांड में 33, हत्या के कांड में दो, हत्या के प्रयास में छह व अन्य कांडों में 15 गिरफ्तारी की गई। वहीं 133 लीटर देशी शराब व 1089.06 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 97 वारंट व 18 कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 51 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं दो पहिया वाहन तीन, तीन पहिया वाहन चार, मोबाइल दो सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## वारंटी गिरफ्तार, जेल

**आंदर(सिवान)।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के मियां के भटकन में छापेमारी कर वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी की पहचान मियां के भटकन निवासी संदीप कुमार यादव के रूप में हुई हैं।

## शराब पीने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** थाना पुलिस ने अलग- अलग जगहों पर छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबियों में निरखापुर निवासी रोहित कुमार सिंह एवं राहुल कुमार दुबे तथा बखरी निवासी मनीष कुमार यादव शामिल हैं। तीनों को आगे की कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया।

## शराब लदी स्कोर्पियो जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब लदी स्कोर्पियो को जब्त कर लिया है। बताते हैं कि थानाध्यक्ष मनीष कुमार गुरुवार को पुलिस टीम के साथ गश्त पर मुस्तफाबाद बाजार के पास थे। उसी समय उन्हें गुप्त सूचना मिली कि सिवान की तरफ से काली रंग की स्कोर्पियो वाहन शराब लेकर जा रही है। थानाध्यक्ष वरीय अधिकारियों को सूचना देकर सिवान-मलमलिया राष्टीय राजमार्ग संख्या 227ए पर अफराद चौक के पास वाहन जांच अभियान शुरू कर दिए। थोड़ी देर बाद जिला मुख्यालय से बताया गया वाहन पहुंचा। पुलिस रुकने के लिए बेरियर लगाया गया तो चालक बेरियर पार कर गया। इसी दौरान वाहन में बैठे दोनों तस्कर मामूली रूप से घायल भी हो गए। पुलिस ने वाहन को कुछ दूर पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर चार कार्टन और एक खुले कार्टन में 36 बोतल 180 एमएल सहित कुल 228 बोतल शराब को बरामद किया गया।

## मारपीट मामले का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

सिसवन (सिवान)। थाना पुलिस ने गुरुवार की रात बघौना गांव में छापेमारी कर मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त बघौना निवासी मोहम्मद राजा है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## शैक्षिक भ्रमण के लिए वाराणसी व अयोध्या रवाना हुए बच्चे व शिक्षक

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के महाराणा प्रताप महाविद्यालय अर्कपुर के छात्राओं का एक जत्था शैक्षिक भ्रमण के लिए शुक्रवार की सुबह रवाना हो गया। इस दौरान प्राचार्य डा. रवींद्र कुमार सिंह ने बच्चों की बस को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया। प्रधान लिपिक ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चे वाराणसी, अयोध्या में भगवान राम के दर्शन सहित खास-खास ऐतिहासिक पौराणिक स्थलों को प्रत्यक्ष देखेंगे। इसके अलावा बच्चों को वहां के बारे में विस्तार से बताया एवं दिखाया जाएगा। जल संरक्षण तथा जीवन के लिए पौधों और पौधों का तापमान पर प्रभाव आदि की गहराई से परिचर्चा के उपरांत टूर विद्यालय में वापस लौटेगा। शैक्षणिक भ्रमण में प्रो. त्रिलोकी प्रसाद आदि शामिल थे।

## आरएएफ व रघुनाथपुर थाना ने किया फ्लैग मार्च

**रघुनाथपुर (सिवान)।** थाना परिसर में शुक्रवार रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और रघुनाथपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर डा. मनोज कुमार एवं आरएएफ की सहायक कमांडेंट तुलिका सिन्हा ने की। बैठक के दौरान सहायक कमांडेंट ने बताया कि नौ से 14 दिसंबर तक जिले के सभी संवेदनशील इलाकों में आरएएफ की लगातार मूवमेंट की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद को प्राथमिकता के साथ बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाता है। अगर स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है तो भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार, आंसू गैस एवं अन्य मानक कार्रवाई की जाती है, ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे। बैठक के बाद आरएएफ और स्थानीय पुलिस बल द्वारा नवादा मोड़, मुख्य बाजार, राजपुर मोड़, आदमपुर, रकौली और पतार बाजार तक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और पुलिस जवानों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर आरएएफ जवान राम जयपाल यादव, विकास यादव, पुअनि देव कुमार तिवारी, पुअनि सुबोध कुमार पासवान, पुअनि सुजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

